# Result Mitra IAS/PCS Daily Magazine Content

# भारत रत्न एवं इससे सम्मानित व्यक्ति

## चर्चा में क्यों :

- कांग्रेस द्वारा गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के अपमान करने के जारी विवाद के बीच हाल ही में संसद में भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है, उसने डॉ. भीमराव अंबेडकर को अपनी सरकार में "भारत रत्न" से सम्मानित नहीं किया।




## भारत रत्न क्या है ?

- “भारत रत्न” भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है, जिसकी स्थापना 1954 में की गई थी।
- 2 जनवरी 1954 को स्थापित इस सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार को किसी भी क्षेत्र में सर्वोच्च क्रम की असाधारण सेवा/प्रदर्शन के सम्मान के लिए जाति, व्यवसाय, पद या लिंग में भेदभाव किए बिना प्रदान किया जाता है।
- “भारत रत्न” पुरस्कार मूल रूप से कला, साहित्य, विज्ञान और सार्वजनिक सेवाओं में उपलब्धियों के लिए प्रदान किया जाता था लेकिन वर्ष 2011 में भारत सरकार द्वारा इस पुरस्कार को मानव प्रयास के किसी भी क्षेत्र में सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए विस्तारित किया गया।
- “भारत रत्न” के लिए प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को सिफारिशें की जाती है।
- “भारत रत्न” के लिए किसी औपचारिक अनुशंसा की आवश्यकता नहीं है।
- “भारत रत्न” के लिए प्रधानमंत्री किसी भी व्यक्ति से परामर्श लेने या सलाह लेने के लिए स्वतंत्र है।
- हालांकि इससे संबंधित प्रथा के अनुसार भारतीय गृह मंत्रालय (MHA, Ministry of Home A) को कई सिफारिशें प्राप्त होती है जिन्हें गृह मंत्रालय प्रधानमंत्री कार्यालय को भेज देता है।
- गृह मंत्रालय इन पुरस्कारों के लिए नोडल मंत्रालय के रूप में कार्य करता है।
- आमतौर पर “भारत रत्न” पुरस्कारों की संख्या 1 वर्ष में अधिकतम तीन तक सीमित होती है।
- “भारत रत्न” पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाण पत्र तथा एक पीपल के पत्ते के आकार का पदक प्रदान किया जाता है।

- पीपल के पत्ते के अग्रभाग पर सूर्य (Sun) की छवि और देवनागरी लिपि में "भारत रत्न" लिखा हुआ होता है जबकि इसके पिछले भाग में प्लेटिनम रंग का राज्य चिन्ह होता है जिसके मध्य में देवनागरी लिपि में राष्ट्रीय आदर्श वाक्य "सत्यमेव जयते" लिखा हुआ होता है।

## अब तक "भारत रत्न" से कितने लोगों को सम्मानित किया जा चुका है ?

- "भारत रत्न" से अब तक 53 लोगों को सम्मानित किया जा चुका है।
- "भारत रत्न" पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में अब तक राजनेताओं का ही दबदबा रहा है।
- भारत रत्न पुरस्कार पाने वाले की सूची निम्न है :–



## ➢ वर्ष 1954

1. सी राजगोपालाचारी (स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत के अंतिम गवर्नर जनरल)

## ➢ वर्ष 1955

2. सर्वपल्ली राधाकृष्णन (भारत के पहले उपराष्ट्रपति)
3. सीवी रमन (भौतिक विज्ञानी जिन्हें 1930 में रमन प्रकीर्णन और रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी की खोज के लिए भौतिकी का नोबेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया)
4. भगवान दास (एक स्वतंत्रता सेनानी एवं काशी विद्यापीठ के सह–संस्थापक)
5. एम विश्वेश्वरैया (सिविल इंजीनियर और राजनेता)
6. जवाहरलाल नेहरू (भारत के प्रथम प्रधानमंत्री)

## ➢ वर्ष 1957

7. गोविंद बल्लभ पंत (उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री)

Result Mitra

## ➢ वर्ष 1958

8. धोंडो केशव कर्वे (समाज सुधारक एवं शिक्षक)

## ➢ वर्ष 1961

9. विधान चंद्र रॉय (पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री)
10. पुरुषोत्तम दास मंडल (उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष एवं स्वतंत्रता सेनानी)

## ➢ वर्ष 1962

11.डॉ राजेंद्र प्रसाद (भारत के प्रथम राष्ट्रपति)

## ➢ वर्ष 1963

12.जाकिर हुसैन (स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत के दूसरे उपराष्ट्रपति)

13.पांडुरंग वामन काणे (प्रमुख कानूनविद एवं संस्कृत के विद्वान)

## ➢ वर्ष 1966

14.लाल बहादुर शास्त्री (भारत के दूसरे प्रधानमंत्री)

## ➢ वर्ष 1971

15.इंदिरा गांधी (भारत की प्रधानमंत्री)

Result Mitra

## ➢ वर्ष 1975

16.वीवी गिरी (स्वतंत्रता सेनानी एवं विभिन्न प्रदेशों के राज्यपाल एवं भारत के चौथे राष्ट्रपति)

## ➢ वर्ष 1976

17.के कामराज (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख सदस्य एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री)

## ➢ वर्ष 1980

18.मदर टेरेसा (कैथोलिक नन एवं मिशनरीज ऑफ चैरिटी के संस्थापक जिन्हें 1979 में मानवीय कार्यों के लिए नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया)

## ➢ वर्ष 1983

19.विनोबा भावे (स्वतंत्रता सेनानी एवं भूदान आंदोलन के जनक)

## ➢ वर्ष 1987

20.अब्दुल गफ्फार खान (स्वतंत्रता सेनानी)

## ➢ वर्ष 1988

21.एमजी रामचंद्रन (अभिनेता एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री)

## ➢ वर्ष 1990

22.बी आर अंबेडकर (भारत के प्रथम कानून मंत्री)

23.नेल्सन मंडेला (दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति)

Result Mitra

## ➢ वर्ष 1991

24.राजीव गांधी (भारत के प्रधानमंत्री)

25.वल्लभभाई पटेल (भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री)

26.मोरारजी देसाई (भारत के चौथे प्रधानमंत्री)

## ➢ वर्ष 1992

27.अबुल कलाम आजाद (भारत के पहले शिक्षा मंत्री)

28.जे आर डी टाटा (टाटा समूह के संस्थापक)

29.सत्यजीत रे (फिल्म निर्देशक)

## ➢ वर्ष 1997

30.गुलजारीलाल नंदा (1964 से 1966 तक रहे भारत के अंतरिम प्रधानमंत्री)

31.अरुणा आसफ अली (स्वतंत्रता सेनानी एवं दिल्ली की पहली मेयर)

32.एपीजे अब्दुल कलाम (रक्षा वैज्ञानिक एवं भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति)

## ➢ वर्ष 1998

33.एम एस सुब्बुलक्ष्मी (कर्नाटक शास्त्रीय गायिका एवं रैमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता)

34.सी सुब्रमण्यम (स्वतंत्रता सेनानी एवं कृषि, वित्त एवं रक्षा मंत्री)

## ➢ वर्ष 1999

35.जयप्रकाश नारायण (स्वतंत्रता सेनानी एवं संपूर्ण क्रांति आंदोलन के जनक)

36.अमर्त्य सेन (अर्थशास्त्री एवं 1998 में नोबेल पुरस्कार विजेता)

37.गोपीनाथ बारदोलोई (असम के पहले मुख्यमंत्री)

38.रवि शंकर (संगीतकार)



## ➢ वर्ष 2001

39.लता मंगेशकर (भारत की कोकिला)

40.बिस्मिल्लाह खान (हिंदुस्तानी शास्त्रीय शहनाई वादक)

## ➢ वर्ष 2009

41.भीमसेन जोशी (शास्त्रीय गायक)

## ➢ वर्ष 2014

42.सीएनआर राव (रसायन वैज्ञानिक)

43.सचिन तेंदुलकर (क्रिकेटर)

Result Mitra

## ➢ वर्ष 2015

44.अटल बिहारी वाजपेयी (भारत के तीन बार के प्रधानमंत्री)

45.मदन मोहन मालवीय (शैक्षिक सुधारक एवं अखिल भारतीय हिंदू महासभा एवं बीएचयू के संस्थापक)

## ➢ वर्ष 2019

46.प्रणव मुखर्जी (भारत के 13वें राष्ट्रपति)

47.भूपेन हजारिका (संगीतकार एवं फिल्म निर्माता)

48.नानाजी देशमुख (सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनसंघ के नेता)

49.कर्पूरी ठाकुर (बिहार के मुख्यमंत्री)

50.लालकृष्ण आडवाणी (राम मंदिर आंदोलन के प्रणेता एवं उप प्रधानमंत्री)

51.पीवी नरसिम्हा राव (भारत के 9वें प्रधानमंत्री)

➢ **वर्ष 2024**

52.चौधरी चरण सिंह (भारत के पांचवें प्रधानमंत्री)

53.एमएस स्वामीनाथन (कृषि वैज्ञानिक एवं हरित क्रांति के जनक)

## क्या भारत रत्न मरणोपरांत दिया जाता है ?

- आमतौर पर "भारत रत्न" पुरस्कार मरणोपरांत नहीं प्रदान किया जाता है।
- हालांकि असाधारण और अत्यधिक योग्य समझे जाने वाले मामलों में प्राप्तकर्ता की मृत्यु के बाद यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- अब तक कुल 18 लोगों को मरणोपरांत "भारत रत्न" पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है, जो निम्न है –
- के कामराज (1976), एमजी रामचंद्रन, लाल बहादुर शास्त्री, मोरारजी देसाई, पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर, डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं अन्य शामिल है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न कब मिला ?

- वर्ष 1983 में दलित समाज संघर्ष समिति एवं वर्ष 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना के साथ ही डॉ. भीमराव अंबेडकर को "भारत रत्न" दिए जाने की मांग तेज होने लगी।
- बहुजन समाज पार्टी (बसपा) द्वारा महात्मा गांधी की आलोचना शुरू कर दी गई एवं अंबेडकर को वंचित वर्गों के असली नायक के रूप में प्रस्तुत करना शुरू किया गया।

Result Mitra

- बसपा द्वारा जिन सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए गए उनमें से अधिकतर सीटों पर लगभग 10% वोट मिले जिससे यह स्पष्ट संकेत गया कि अनुसूचित जाति के मतदाता BSP का मजबूती से समर्थन कर रहे हैं।
- इससे चिंतित होकर अन्य पार्टी के लोग भी ST/SC वोट प्राप्त करने के लिए अंबेडकर के गुणगान करने लगे।
- दिसंबर 1989 में जी वी पी सिंह के नेतृत्व में जनता पार्टी की सरकार बनी तब रामविलास पासपावन, नीतीश कुमार एवं शरद यादव जैसे दलित नेताओं के दबाव में वर्ष 1990 में बीआर अंबेडकर को “भारत रत्न” से सम्मानित किया गया।

## अन्य नागरिक पुरस्कार :

- वास्तव में भारत सरकार द्वारा वर्ष 1954 में दो नागरिक पुरस्कार “भारत रत्न” और “पद्म विभूषण” की स्थापना की गई।
- पद्म विभूषण की स्थापना के समय इसे तीन वर्गों प्रथम वर्ग, द्वितीय वर्ग एवं तृतीय वर्ग में विभाजित किया गया था।
- हालांकि 1955 में इनका नाम बदलकर “पद्म विभूषण”, “पद्म भूषण” और “पद्मश्री” कर दिया गया।
- एक वेबसाइट जो एक निश्चित समय के लिए खुलती है जिसमें प्रत्येक वर्ष इनके पुरस्कार के लिए आवेदन प्राप्त किए जाते हैं।

## क्या विजेता पुरस्कारों को उपसर्ग/प्रत्यय के रूप में उपयोग कर सकते हैं ?

- संविधान के अनुच्छेद 18 (1) के अनुसार इन नागरिक पुरस्कारों का उपयोग प्राप्तकर्ता के नाम के उपसर्ग या प्रत्यय के रूप में नहीं किया जा सकता है।

- हालांकि एक पुरस्कार विजेता अपने बायोडाटा या लेटरहेड में "राष्ट्रपति द्वारा भारत रत्न से सम्मानित" या "भारत रत्न पुरस्कार प्राप्तकर्ता" लिख सकता है।
- भारतीय गृह मंत्रालय के अनुसार "भारत रत्न" प्राप्तकर्ता को केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों, राज्य के मुख्यमंत्री, नीति आयोग के उपाध्यक्ष, पूर्व प्रधानमंत्री तथा लोकसभा और राज्यसभा के विपक्ष के नेताओं के ठीक पीछे स्थान मिलता है।

Result Mitra


हम आपको रिजल्ट देने आये हैं.
Result Mitra
1- UPSC(IAS) COMPLETE GS -5999 ₹.
2- NCERT for IAS/PCS -2499 ₹
3- ESSAY for IAS/PCS- 2199 ₹
4- UPSC PRELIMS TEST SERIES - 1399 ₹
5- सभी राज्यों के लिए टेस्ट सीरीज - 1399 ₹
कोर्स या Test Series के लिए
WhatssApp कीजिये
9235313184, 9235446806